श्री राम जय राम जय जय राम-धुन

धुन- बहुत प्यार करते हैं तुमसे सनम

श्री राम जय राम जय जय राम,
रघुपति राघव राजा राम x॥ -॥

श्री राम जय राम, जय जय राम ॥
*जपे जा तूँ मन से ॥, सुबह हो या शाम,
श्री राम जय राम, जय जय राम ॥
^
है कलयुग में साचा, यही नाम प्राणी ॥
हो गंगा सी पावन, इसे जप के बानी ॥
*मिले आत्मा को ॥, बैकुंठ धाम,
श्री राम जय राम, जय जय राम,,,,,,,,,
^
दो अक्षरों की, अनोखी है माया ॥
जो निस दिन उचारे, व्ही जान पाया ॥
*प्रभु ने किए हैं ॥, सफ़ल सारे काम,
श्री राम जय राम, जय जय राम,,,,,,,,,
^
दीया भक्ति का, मन में जला ले ॥
प्रभु राम के रंग में, अख्खियाँ रंगा ले ॥
*नज़र तुझको आएंगे ॥, कण कण में राम,
श्री राम जय राम, जय जय राम,,,,,,,,,
^
होगा ह्रदय जब, अयोधिया सा पावन ॥
विराजेंगे इस में, सिया राम लक्ष्मण ॥
*तेरे संग रहेंगे ॥, प्रभु आठों याम,
श्री राम जय राम, जय जय राम,,,,,,,,,
^
जपे नित निरंतर, जो राम रमईया ॥
तो राघव कृपा की, रहे उस पे छईया ॥
*छूह भी न पाए ॥, उसे क्रोध काम,
श्री राम जय राम, जय जय राम,,,,,,,,,
^
अहिलिया को जिन की, चरण रज़ ने तारा ॥
शिला से बनाया, नारी दोबारा ॥
*हरेंगे तेरे भी ॥, वह संकट तमाम,
श्री राम जय राम, जय जय राम,,,,,,,,,
^
मूर्त दया की, करुणा के सागर ॥
ऐसे कृपालु, हैं मेरे रघुवर ॥
*इनकी कृपा के ॥, चर्चे हैं आम,

श्री राम जय राम, जय जय राम,,,,,,,,,
^
जो सर को झुका के, शरण इनकी आया ॥
उसे हस के अपने, गले से लगाया ॥
*जो है राम जी का ॥, उसी के हैं राम,
श्री राम जय राम, जय जय राम,,,,,,,,,
^
अगर भाव तेरा, है शबरी जैसा ॥
तो रख आस्था होगा, चमत्कार ऐसा ॥
*वो ख़ुद चल के आएंगे ॥, प्रभु तेरे धाम,
श्री राम जय राम, जय जय राम,,,,,,,,,

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30250/title/shree-ram-jai-ram-jai-jai-ram

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |